Grade - 8 Periodic Test -1 (2022-2023 Marks -40

Date - 15.07.2022 Hindi Time 1hr30 Mins

(खण्ड - क)

1. निम्न लिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए | 4

समय प्रकृति का दिया हुआ सबसे अधिक मूल्यवान उपहार है। उससे उत्तम कोई धन नहीं है। समय का सदा सदुपयोग करना चाहिए। बीता हुआ समय कभी लौटाया नहीं जा सकता है। जीवन में अनेक लोगों को शिकायत होती है कि समय नहीं था या वे कामना करते हैं कि काश मेरे पास कुछ समय ओर होता। बहुत से व्यक्ति समय निकलने पर पछताते हुए देखे जा सकते हैं। यह सत्य है कि इन लोगों को कुछ समय और मिल जाता तो परिणाम कुछ और ही होता लेकिन यह संभव नहीं है कि बीते हुए समय को फिर लौटाया जाये। यदि वे अपने कार्य को कुछ समय पहले ही शुरू कर देते तो फिर उन्हें पछताना नहीं पड़ता।

प्रत्येक सफल कार्य का विश्लेषण करने पर ज्ञात होगा कि समय के सदुपयोग ने उस कार्य की सफलता में सर्वाधिक योग दिया है। समय पर कार्य करने वाले व्यक्ति को कभी निराशा का मुँह नहीं देखना पड़ता है। समय पर पढ़ने वाला विद्यार्थी असफल नहीं होता है। समय पर किया गया हर कार्य सफलता में परिवर्तित हो जाता है जबकि समय बीतने पर विशेष प्रयत्नों के बाद भी उसे सिद्ध नहीं किया जा सकता है। समय के मूल्य को विपत्तिकाल में ही पहचाना जाता है। यदि समय रहते कार्य किया जाये तो विपत्ति को दूर से ही टाला जा

सकता है। इसलिए समय के मूल्य को समझकर कार्य करना चाहिए। अपने जीवन में समय को नष्ट नहीं करना चाहिए।

(क) इस अवतरण का सर्वाधिक उपयुक्त शीर्षक है -

(अ) समय बड़ा बलवान

(ब) समय की मांग

(स) समय की ताकत

(द)समय ही धन है

(ख) समय का मूल्य कब पहचाना जाता है?

(अ) आसन काल में

(ब) आपात काल में

(स) विपत्ति काल में

(द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

(ग) "समय पर कार्य करने वाला व्यक्ति कभी...... नहीं होता"

(अ) ह्रास (ब) निराश

(स) उपयोगी (द) पश्चातापी

(घ) समय किसके द्‍वारा प्रदत्त मूल्यवान उपहार है -

(अ) प्रकृति (ब) मानव

(स) भगवान (द) वैज्ञानिक

(खण्ड - ख)

2. निम्न लिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए : 4

(क) मातृभूमि (ख) शरण

(ग) चंदन (घ) जिह्वा

(ङ) सपूत (च) धूल

(छ) शीश (ज) भेंट

3. **निम्न लिखित शब्दों के उल्टे शब्द लिखिए :** 4

(क) याचक (ख) अमृत

(ग) स्वदेश (घ) आकाश

(ङ) आदर (च) प्रेम

4. निम्न लिखित शब्दों के संधि-विच्छेद कीजिए : 4

(क) योगासन (ख) सूर्यास्त

(ग) हिमालय (घ) स्वाधीन

5. **निम्न लिखित शब्दों के अनेकार्थी शब्द लिखिए :** **4**

(**क**) स्वर (ख) आम

(ग) उत्तर (घ) जग

(खण्ड - ग)

2. निम्न लिखित शब्दों के अंग्रेजी अर्थ लिखिए : 4

(क) मातृभूमि (ख) शरण

(ग) सपूत (घ) पूण्य

(घ) बलिदान (ङ) स्वस्थ

(च) प्रतियोगिता (च) बौर

3. निम्न लिखित किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 6

(क) मीनू का परिवार छुट्टी का दिन कैसे बिताता है ?

(ख) मातृभूमि कविता के कवि का नाम लिखिए |

(ग) कवि माथे पर चंदन के रूप में क्या लगाना चाहता है ?

(घ) कवि मातृभूमि के प्रति क्या अर्पित करना चाहता है ?

(ड़) कविता के अनुसार मातृभूमि की विशेषताएँ बताइए ।

(खण्ड - घ)

2. निम्न लिखित में से किसी एक पर अनुच्छेद लिखिए : 5

(क) **प्रात:कालीन भ्रमण**

(ख) **व्यायाम**

(ग) **मेरास्कूल**

3. चित्रवर्णनकीजिए : 5